तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 अवैध कब्जा : खुद ही मकान तोड़ने लगे लोग



## खबर संक्षेप

### जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत एवं पदेन अध्यक्ष सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक 24 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक में न्यास के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास कार्यों और आगामी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर ने शासी परिषद के सभी सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 27 को प्लेसमेंट कैम्प

**अम्बिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा 27 अप्रैल को कैम्पस प्लेसमेंट आयोजित किया जा रहा है। जिसमें लगभग 100 पद टेक्निशीयन एवं सुपरवाईजर के है। शैक्षणिक योग्यता किसी भी ट्रेड से आईटीआई अथवा हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण है। इच्छुक उम्मीदवार 27 अप्रैल को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 10 बजे उपस्थित होकर कैम्पस प्लेसमेंट में भाग ले सकते हैं।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 28 को

**अम्बिकापुर।** उपसंचालक रोजगार ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र अम्बिकापुर के द्वारा 28 अप्रैल को प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्र के निजी नियोजक विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। जिला स्तरीय रोजगार मेला हेतु सरगुजा संभाग के समस्त शिक्षित युवाओं को रोजगार मेला में सहभागिता हेतु ऑनलाईन पोर्टल एवं छत्तीसगढ़ रोजगार एप पर अपना रोजगार पंजीयन, रोजगार मेले हेतु पंजीयन दोनों ही आवश्यक है। अतः ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलाईन पोर्टल ई-रोजगार पर अपना पंजीयन नहीं करवाया है, वे विभागीय पोर्टल पर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। जिले के इच्छुक ऐसे समस्त आवेदक जो रोजगार मेला में भाग लेना चाहते हैं अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ 28 अप्रैल को प्रातः 11 से सायं 4 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार मेला में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### शासकीय कार्यों के क्रियान्वयन के लिए 3 माह तक अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर।** राज्य शासन द्वारा आगामी समय में सुशासन तिहार एवं जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन किया जाना है। इन कार्यों के सुचारू एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन ने आगामी 3 माह के लिए अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। इसी क्रम में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर आगामी 3 माह तक प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए है। ताकि सुशासन तिहार एवं जनगणना के सफल संचालन तथा अन्य आवश्यक शासकीय कार्यों का बेहतर संचालन किया जा सके। जारी निर्देशों के अनुसार, कोई भी शासकीय सेवक सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किए बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। बिना अनुमति के अनुपस्थित पाए जाने पर सेवा नियमों के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आकस्मिक अवकाश की स्थिति में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा, साथ ही अर्जित अवकाश पर जाने से पूर्व संबंधित कर्मचारी को अपने दायित्वों का प्रभार नियमानुसार अन्य अधिकारी-कर्मचारी को सौंपना सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि शासन की प्राथमिकता वाले कार्य समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण किए जा सकें।

## 10 किमी दूर से नजर आ रहा धुएं का गुबार, धमाकों से दहले क्षेत्रवासी

# प्लास्टिक व पटाखा गोदाम में लगी भीषण आग 7 घंटे बाद भी नहीं पाया जा सका काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को शहर के बीचों बीच स्थित प्लास्टिक और पटाखा गोदाम में भीषण आग लग गई। पटाखे के भंडार में लगी आग के बाद इलाके में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आग की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसका धुंआ 10 किलोमीटर दूर से भी नजर आ रहा था। आग के साथ ही लगातार हो रहे धमाकों के कारण क्षेत्रवासी दिनभर दहशत में रहे। घटना की सूचना मिलने के बाद जिला और पुलिस प्रशासन के साथ ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। बड़ी बात यह है कि 7 घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था और आग बुझाने का काम जारी था।

**खास बात**

- लोगों में भारी आक्रोश, कैबिनेट मंत्री ने कहा-संकरी गलियों का होने दें चौड़ीकरण

बता दें कि शहर के राम मंदिर रोड स्थित संकरी गली में मुकेश प्लास्टिक व पटाखा की दुकान गोदाम संचालित है। इस गोदाम में गुरुवार की दोपहर लगभग 12 बजे अचानक ही आग लग गई। प्लास्टिक गोदाम में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इसके बाद आग गोदाम में मौजूद पटाखों के भंडारण तक पहुंच गई और फिर तेज धमाकों के साथ आग ने पूरी दो मंजिला बिल्डिंग को ही अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की घटना के बाद क्षेत्र में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। पटाखे के फटने से हो रही आवाज के कारण लोग दहशत में आ गए और भागने लगे। कुछ ही समय में प्लास्टिक और बारूद से भड़की आग की लपटों से क्षेत्र में काला धुंआ भर गया। घटना की सूचना मिलते ही जिला व पुलिस प्रशासन, दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। गोदाम में आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है लेकिन शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की बात कही जा रहा है।

**इलाके को कराया गया खाली**

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल के साथ ही पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने तत्काल इलाके को खाली कराया ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। गोदाम के आस पास मौजूद घर व दुकान के लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। अधिकारियों की निगरानी में आग बुझाने का काम जारी था। इस दौरान सरगुजा के साथ ही आस पास के जिलों से भी दमकल वाहनों को बुलाया गया और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन







संकरी गली में स्थित मुकेश पटाखा व प्लास्टिक एजेंसी में लगी भीषण आग से उठती लपटें व धूंए का गुबार तथा आग पर काबू पाने कोशिश करते दमकलकर्मी।



आग की विभिषिका का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उठते धूंए का गुबार 12 किमी दूर से भी देखे गए।



हालात का जायजा लेने पहुंचे मंत्री राजेश अग्रवाल, कलेक्टर व एसपी।

### लोगों को उठाना पड़ा नुकसान

व्यवसायी द्वारा लंबे समय से अवैध रूप से पटाखा का भंडारण किया जा रहा था। स्थानीय नागरिक इसकी शिकायत भी कर रहे थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को हुई घटना में गोदाम के साथ ही दो मकान व दो दुकान आग की चपेट में आ गए। कई घरों में हीट के कारण वायर जल गए। व्यवसायी की लापरवाही से लगी आग के कारण क्षेत्रवासियों को नुकसान उठाना पड़ा, जिससे लोगों में आक्रोश दिखा। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार के जनहानि की सूचना नहीं है। इसके साथ ही इलाके की बिजली काट दी गई है जिससे क्षेत्र अंधेरे में डूब गया है और काला धुंआ निकल रहा है।

#### 7 घण्टे बाद भी नहीं बुझी आग

प्लास्टिक और पटाखा गोदाम में लगी आग कितनी भीषण है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इसकी लपटें कई मीटर ऊपर तक उठ रही थी। पटाखे फटने के बाद बारूद और जले हुए टुकड़े कई किलोमीटर दूर जाकर गिर रहे थे। इसके साथ ही आग से निकलते धुएं ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। आग से निकलता धुंआ 10 किलोमीटर दूर नजर आ रहा था। दमकल विभाग की टीम लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है लेकिन शाम के 7 बजे तक भी आग को बुझाया नहीं जा सका था। अडानी और एयरपोर्ट से आई दमकल वाहनों की मशीनें लगातार आग बुझा रही है।

#### संकरी गली होने से आई दिक्कत

शहर के बीच रिहायशी इलाके में संचालित गोदाम में आग लगने के बाद दमकल को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। संकरी गली होने के कारण आग बुझाने के लिए दमकल वाहनों को अंदर जाने में काफी परेशानी हुई जिससे भी राहत और बचाव कार्य प्रभावित होता रहा। गली संकरी होने के कारण दमकल वाहन अंदर नहीं जा पा रहे थे।

### कैबिनेट मंत्री पहुंचे घटना स्थल, दिए दिशा निर्देश

घटना की सूचना मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल भी घटना स्थल पहुंचे। डांडगांव से सीधे मौके पर पहुंचे मंत्री ने घटना स्थल का जायजा लेने के साथ हो कलेक्टर एसपी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संकरी गलियों के कारण आ रही परेशानी को भी समझा। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि सूचना मिलने के बाद तत्काल कलेक्टर एसपी से बात की गई और दमकल वाहनों की व्यवस्था कराई गई। उन्होंने कहा कि शहर की जितनी भी गालियां है जिसमें दमकल वाहन नहीं जा सकते उनका चौड़ीकरण होना चाहिए। इसके लिए सभी नागरिको से अनुरोध करूंगा कि चौड़ीकरण होने दें। इसके साथ ही शहर के संकरी गलियों, रिहायशी इलाकों में गोदाम का संचालन नहीं होना चाहिए। प्रशासन को निर्देश दिया जाएगा कि रिहायशी क्षेत्र में ज्वलनशील पदार्थ का गोदाम ना हो।

#### लोगों की जान से हो रहा खिलवाड़

शहर के बीच प्लास्टिक गोदाम के साथ हो भारी पैमाने पर पटाखा का भंडारण किया गया था। रिहायशी इलाके में संचालक द्वारा पटाखे का भंडारण कर व्यवसाय किया जा रहा था। बड़ी बात यह है कि जिला प्रशासन और दमकल विभाग को भी इस बात की जानकारी थी लेकिन कभी भी इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। व्यवसायी भी लोगों की जान जोखिम में डालकर अपना व्यवसाय कर रहा है। गनीमत रही कि घटना में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन इस घटना ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। इस घटना के बाद लोगों में भी भारी आक्रोश देखने को मिला।

#### बड़ी लापरवाही

यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। रिहायशी क्षेत्र में ज्वालामशील पदार्थ को नहीं रखा जा सकता। कहीं ना कहीं यह बड़ी लापरवाही और चूक है जिसके कारण इतनी बड़ी घटना घट रही है।

**-शफ अहमद**
नेताप्रतिपक्ष ननि

#### की जाएगी कार्रवाई

गोदाम में आग लगने की घटना हुई है। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। अगल बगल के घरों को खाली करवा दिया है और बाकी बिल्डिंग को भी आइसोलेट कराया है। सिर्फ एक बिल्डिंग में आग लगी है। हमारी प्राथमिकता आग बुझाने पर है। भविष्य में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**-अजीत वसंत**, कलेक्टर सरगुजा

## जिपं सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

विकासखंड शंकरगढ़ में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा तोमर ने व्यापक दौरा कर विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत खैरडीह में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए सीईओ ने कार्य की प्रगति और उपयोगिता को करीब से देखा। उन्होंने पाया कि नाली निर्माण से गांव के किसानों को काफी लाभ मिल रहा है। इससे खेतों तक पानी पहुंचने में आसानी हो रही है, जिससे सिंचाई के साधन मजबूत हुए हैं और गांव में सब्जी सहित अन्य फसलों की पैदावार में वृद्धि देखी जा रही है। ग्रामीणों ने भी इस कार्य को उपयोगी बताते हुए संतोष जताया। इसके अलावा विभिन्न पंचायतों में चल रहे चेक डैम निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पर कुछ स्थानों पर गुणवत्ता में कमी पाई गई। जिस पर सीईओ ने नाराजगी



जताते हुए संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में सुधार लाया जाए और निर्धारित मानकों के अनुसार ही निर्माण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी निर्माण तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के विकास कार्य किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण को मजबूत करने और समग्र विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि हर योजना का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंचे और गांवों का समुचित विकास हो सके।

## पटवारी को कार्यालय में घुसकर पीटने वाला भाजपा नेता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दरिमा के सोहगा में 22 अप्रैल को दोपहर 2.55 बजे वहां पदस्थ पटवारी अपने कार्यालय में शासकीय कार्य कर रहा था। चौकीदार भज्जूदास भी पीड़ित पटवारी के साथ कार्यालय में कार्य कर रहा था उसी दौरान जितेन्द्र कुजूर उर्फ मोनू कार्यालय मे आया और पटवारी से आर आई सोहगा का मोबाइल नम्बर मांगा। पीड़ित पटवारी द्वारा आर आई सोहगा का नंबर देने के उपरांत जितेंद्र उर्फ़ मोनू द्वारा उन पर दबाव बनाया गया कि वे अपने मोबाईल से फोन लगाकर उसकी बात आर आई से कराये। जब पटवारी प्रकाश मंडल ने अपने फोन से बात कराने से मना किया और स्वयं के मोबाईल से बात कर लेने की बात कहा तो जितेंद्र कुजूर उर्फ़ मोनू आवेश में आ गया और प्रार्थी को गाली गलौज करने लगा। एवं प्रार्थी के साथ झूमाझपटी करते हुए जानलेवा हमला करते हुए हाथ मुक्को व कार्यालय में रखे कुर्सी से मारपीट किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देने देते हुए अपने कार से चाकू लेकर



आया और चाकू से मारने के लिये पटवारी प्रकाश मंडल एवं चौकीदार को दौड़ाया जिसे देखकर प्रार्थी एवं चौकीदार वहां से भाग गये। मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दरिमा मे आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 85/26 धारा-221,132,296,351 (3),115(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

मामले को स्वतः संज्ञान मे लेकर डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा पुलिस टीम को मामले मे त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे। थाना दरिमा पुलिस टीम ने प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लेख कर साइबर सेल की संयुक्त टीम के साथ सख़्ती से कार्यवाही करते हुए मामले के आरोपी जितेन्द्र कुजूर उर्फ मोनू का पता लगा कर हिरासत मे लेकर पूछताछ किया। आरोपी जितेन्द्र उर्फ मोनू कुजूर आत्मज स्व. पुरसोत्तम कुजूर उम्र 30 वर्ष साकिन ग्राम सोहगा खर्रापारा थाना दरिमा का रहवासी है। आरोपी ने घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर मारपीट करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का चापड़ तथा हेरियर कार नंबर सीजी/15/इ ए/1158 को आरोपी से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे धारा 25,27 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपी आदतन अपराधी किस्म का युवक है जिसके विरूद्ध थाना दरिमा में कई अपराध पंजीबद्ध है एवं आरोपी का नाम पूर्व से गुण्डा बदमाश के रूप मे दर्ज है।

## पुत्र ने की मां की हत्या, दो दिन तक घर में बेहोश हालत में पड़ी रही महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पुत्र ने मामूली विवाद में अपनी ही मां की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी दो दिनों तक मां को बेहोशी की हालत में घर में ही पड़ा रहने दिया।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थिया सुखमनिया (33 वर्ष), निवासी नामनगर अंबिकापुर, 21 अप्रैल को अपने मायके ग्राम लटोरी बैगापारा आई थी। रात में वह अपनी मां सोमारी बाई के साथ घर के बाहर सो रही थी। इसी दौरान उसका भाई सुखलाल घर पहुंचा और दरवाजे के सामने सोने को लेकर विवाद करने लगा। गुस्से में आकर उसने लकड़ी के हटका से मां के सिर और चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। घटना के बाद आरोपी ने बहन को धमकी दी



कि किसी को घटना के बारे में न बताए, अन्यथा उसे भी जान से मार देगा। डर के कारण प्रार्थिया ने किसी को सूचना नहीं दी। अगले दिन भी महिला घर में बेहोश पड़ी रही। 23 अप्रैल की सुबह जब उसे जगाने की कोशिश की गई तो वह मृत पाई गई। मामले की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हत्यात्मक पाया गया है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने ग्राम गंगापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का हटका भी बरामद किया गया है। आरोपी सुखलाल (35 वर्ष), निवासी लटोरी बैगापारा को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले की जांच पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में जारी है।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** गांव में पैदल घूमने निकले वृद्ध को चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की शहर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम अगरोती निवासी सुमन मिंज आ. लोगों मिंज (60 वर्ष) 20 अप्रैल की शाम गांव में पैदल घूमने निकला था। जैसे ही वृद्ध मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अज्ञात चार पहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल वृद्ध को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खबर संक्षेप

### खुटरापारा में नशे का अवैध कारोबार, आक्रोश

**सोनहत।** मुख्यालय से महज 2 किमी दूर स्थित खुटरापारा गांव में अवैध नशे का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शाम होते ही मुख्य सड़क से लगे कुछ घरों में नशे के सामान की खुले तौर पर खरीद-फरोख्त शुरू हो जाती है, जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल बिगड़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि नशेड़ियों का जमावड़ा सड़कों पर लगने लगा है। कई मामलों में राहगीरों को रोककर रूपए मांगने, हल्की लूटपाट करने और विवाद करने जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नशे की बढ़ती उपलब्धता के कारण युवा पीढ़ी तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका असर पूरे परिवारों तक पहुंचने लगा है, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

### तहसीलदार अमृता का सूरजपुर तबादला

**बैकुण्ठपुर।** कार्यालय संभागायुक्त, सरगुजा संभाग अंबिकापुर द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था के तहत तहसीलदारों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पूर्व परिपत्र के प्रावधानों के अनुरूप जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार बैकुंठपुर (जिला कोरिया) में पदस्थ तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह का स्थानांतरण जिला सूरजपुर में किया गया है, जहां उन्हें आगामी आदेश तक पदस्थ किया गया है। इसी क्रम में जिला जशपुर में पदस्थ तहसीलदार सुश्री रोशनी तिर्की को स्थानांतरित करते हुए जिला कोरिया में पदस्थ किया गया है। दोनों अधिकारियों के स्थानांतरण प्रशासनिक आधार पर किए गए हैं और यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी।

### नारी वंदन अधिनियम को लेकर प्रेसवार्ता आज

**मनेन्द्रगढ़।** नारी वंदन अधिनियम को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक



हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय 24 अप्रैल को चिरमिरी स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करेंगी। कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे आयोजित होगा, जिसमें वे नारी वंदन अधिनियम से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा करेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने बताया कि यह पत्रकार वार्ता विशेष रूप से महिलाओं के अधिकार, सशक्तिकरण और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में नारी वंदन अधिनियम की भूमिका को लेकर केन्द्रित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में स्थानीय और क्षेत्रीय मीडिया के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है, जहां विधायक साय मीडिया के सवालों का जवाब भी देंगी। माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा महिला सशक्तिकरण के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की रणनीति पर काम कर रही है।

### बालिकाओं के लिए एचपी वैक्सीन जरूरी

**बैकुण्ठपुर।** जिले में किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है। यह अभियान भारत सरकार के निर्देश पर संचालित है और सरकारी अस्पतालों में यह टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने किशोरियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे 14 से 15 वर्ष तक की बालिकाओं को अनिवार्य रूप से एचपीवी वैक्सीन लगवाएं। उन्होंने कहा कि यह टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम में बेहद प्रभावी है और इसे लेकर फैल रही भ्रामक जानकारियों पर ध्यान न दें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और किशोरियों में इसके प्रति मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया देखी गई है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाकर ही बीमारी से बचाव संभव है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में शामिल है। ऐसे में समय पर टीकाकरण इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

## बिजली की आंख- मिचौली से शहरवासी परेशान

# बैकुंठपुर में पारा 40 पर, आमजन हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बढ़ती गर्मी के तेवर से लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है।




प्रतिदिन आसमान से आग उगलती धूप के चलते लोगों को दिन दोपहर में घर के बाहर निकलना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है, लेकिन कड़ी धूप के बीच यदि किसी कार्यवश निकलना ही पड़े तो सुरक्षा उपाय अपनाकर ही घर के बाहर निकले। खासकर दोपहर के समय के धूप में बचने की जरूरत है। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक रही, वहीं शुक्रवार को 42 डिग्री अधिकतम तापमान होगी। इस तरह अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में ही तापमान में जबरजस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अब दिन के साथ रात के तापमान में भी इजाफा होने लगा है, वहीं दोपहर के समय तेज धूप के असर के कारण सड़कों पर आवाजाही कम होने लगी है, लेकिन जरूरी काम के लिए लोगों को मजबूरी में घर से बाहर दोपहर में निकलना पड़ रहा है। वर्तमान में शादी विवाह का सीजन होने के कारण विभिन्न क्षेत्रों के लोग आवश्यक सामग्री की खरीदी करने के लिए शहर के बाजार पहुंच रहे हैं, रोज धूप के असर से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुरक्षात्मक उपाय भी जारी किए गए हैं।

### वाटर फिल्टर बने शोपीस

गर्मी के बढ़ते असर के बीच लोगों को स्वच्छ व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा शहर के लगभग 8 से 10 प्रमुख स्थानों पर वाटर फिल्टर लगाए गए थे, लेकिन वर्तमान स्थिति में ये सुविधा लगभग ठप पड़ चुकी है। शहर के विभिन्न इलाकों में लगाए गए अधिकांश वाटर फिल्टर से ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। कई स्थानों पर मशीनों के मोटर और कंप्रेसर खराब हो चुके हैं, जबकि कुछ जगहों पर वाटर फिल्टर पूरी तरह से कबाड़ में तब्दील होते नजर आ रहे हैं। हालत यह है कि कई फिल्टरों के नल टूटे हुए हैं और कई में अब तक बिजली कनेक्शन तक नहीं जोड़ा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रूपए खर्च कर लगाए गए ये वाटर फिल्टर अब केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। भीषण गर्मी में जहां राहगीरों और आम नागरिकों को ठंडे पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, वहीं यह व्यवस्था पूरी तरह फेल नजर आ रही है। लोगों ने मांग की है कि खराब पड़े वाटर फिल्टरों को जल्द से जल्द सुधार कर चालू किया जाए, ताकि गर्मी के इस मौसम में आमजन को राहत मिल सके।



### तपती धूप में झुलस रहे नन्हें कदम

तेज धूप के असर को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी व अशासकीय स्कूलों में बच्चों की छुट्टी कर दी। स्कूलों में 20 अप्रैल से बच्चों की छुट्टी हो गई, लेकिन जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में नौनिहालों की छुट्टी नहीं दी गई। प्रतिदिन जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में मासूम बच्चे अपने केन्द्र पहुंचते हैं, जहां पोषण आहार दिया जाता है और बच्चे खेलते हैं और फिर दोपहर के समय कार्यकर्ता, सहायिका बच्चों को उनके घर पहुंचाते हैं, इसके अलावा कई जगहों पर मासूमों के अभिभावक दोपहर के समय अपने बच्चों को लेने केन्द्र पहुंचते हैं और चिललाती धूप में नन्हें कदम झुलस रहे हैं। जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र सुबह खुलती हैं और पूर्वान्ह 11 बजे तक संचालित होती है। नन्हें मासूमों के स्वास्थ्य को लेकर उचित कदम उठाने की जरूरत है।



### तेज धूप और उमस से लोग बेहाल

**सोनहत।** क्षेत्र में 23 अप्रैल को सुबह से ही तेज धूप और भीषण गर्मी का असर पूरे दिन बना रहा, जिससे आमजन खासे परेशान नजर आए। सुबह 9 बजे से ही धूप इतनी तेज हो गई कि दिनभर का सामान्य कामकाज प्रभावित होने लगा। खासकर दूर-दराज से दफ्तरों और कार्यालयों में पहुंचे ग्रामीणों ने गर्मी को लेकर अपनी परेशानी जाहिर की। मजदूर और कामगार वर्ग के लिए दोपहर की चिलचिलाती धूप में काम करना बेहद कठिन हो गया है। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा है। वहीं दोपहर के समय हल्के बादल छाने से धूप में थोड़ी कमी जरूर आती है, लेकिन उमस भरी गर्मी लोगों को और अधिक परेशान कर रही है। ग्राम स्तर पर इन दिनों मांगलिक कार्यों की अधिकता के चलते लोगों की आवाजाही भी बढ़ गई है, जिससे घरों में दिन के समय कम ही लोग नजर आते हैं। भीषण गर्मी के बीच स्थानीय लोगों ने प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे महादेव चौक, बैंक परिसर, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय और अस्पताल जैसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में प्याऊ ठंडे पेयजल की व्यवस्था किए जाने की मांग की है, ताकि राहगीरों और आम नागरिकों को राहत मिल सके।



## अवैध कब्जा : खुद ही मकान तोड़ने लगे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर

एमसीबी जिले के नागपुर उप तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ एमसीबी जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा अभियान शुरू कर दिया है।

- प्रशासन के निर्देश पर कब्जा हटाने का बड़ा अभियान

नागपुर चौराहे के पास सेमरा पंचायत सीमा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर बने कई मकानों को हटाने के आदेश जारी किए गए हैं। प्रशासन द्वारा तय समय-सीमा के अनुसार 22 अप्रैल तक अंतिम चेतावनी दी गई थी, जबकि 23 अप्रैल को मकान तोड़ने की डेडलाइन निर्धारित की गई। तहसीलदार समीर शर्मा सहित प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों पर लाल निशान लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए थे कि चिन्हित सीमा तक निर्माण को बुलडोजर से हटाना होगा। सूत्रों के मुताबिक सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बनाकर रहने और व्यवसाय संचालित करने वालों को प्रशासन की ओर से कई बार नोटिस जारी किए जा चुके थे, बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर अंततः सख्ती बरती गई। मामले को किसी भी पक्ष द्वारा हाई कोर्ट तक नहीं ले जाया गया, जिससे प्रशासन की कार्रवाई में कोई कानूनी अड़चन नहीं आई। डेडलाइन नजदीक आते ही कई अवैध कब्जाधारियों ने प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही नुकसान कम करने के उद्देश्य से 22 अप्रैल की देर रात से अपने मकानों को स्वयं बुलडोजर से तोड़ना शुरू कर दिया। लोगों ने लाल निशान तक के हिस्से को खुद हटाना बेहतर समझा, ताकि प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान अधिक नुकसान से बचा जा सके। प्रशासनिक सूत्रों का यह भी कहना है कि नागपुर पंचायत क्षेत्र में नेशनल हाईवे के किनारे सरकारी जमीन पर किए गए अन्य अवैध निर्माणों पर भी जल्द ही इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है। संभावित बुलडोजर कार्रवाई की खबर से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## केशगवां पंचायत सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिपं कोरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत केशगवां में वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। 15 वें वित्त आयोग की लगभग तीन लाख रूपए की राशि के कथित फर्जी आहरण और गबन के आरोपों की जांच के बाद ग्राम पंचायत सचिव श्यामलाल सूर्यवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

- गबन के आरोपों की विभागीय जांच शुरू

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच समिति ने मामले की पड़ताल की। जांच के दौरान सचिव न तो उपस्थित हुए और न ही आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किए। साथ ही ई-ग्राम स्वराज पोर्टल में सरपंच के यूजर प्रोफाइल में सचिव का मोबाइल नंबर दर्ज पाया गया, जिससे यह प्रथम दृष्टया प्रमाणित हुआ कि सचिव द्वारा सरपंच के डिजिटल हस्ताक्षर डीएससी का दुरूपयोग कर राशि का आहरण किया गया। इस कृत्य को छग पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3 एवं छग ग्राम पंचायत नियम 1999 के नियम 4 व 5 का उल्लंघन करने के कारण छग शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय रायपुर के ज्ञापन क्रमांक/3640 (ए)/पंग्राविवि/ 22/2008 रायपुर 29 अगस्त 2008 के द्वारा पंचायत कर्मियों की सेवा शर्तों के लिए जारी मार्गदर्शिका के कंडिका 07 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए छग पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4(क) एवं (ख) के तहत अनुशासनिक कार्रवाई प्रयोजनार्थ तत्काल प्रभाव से निलंबित की गई है।

निलंबन अवधि में श्यामलाल सूर्यवंशी का मुख्यालय जनपद पंचायत सोनहत निर्धारित किया गया है, जहां उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। इसके साथ ही, मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। उप संचालक पंचायत, जिला कोरिया को जांच अधिकारी तथा जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है।

निलंबन के बाद पंचायत कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए ग्राम पंचायत केशगवां का अतिरिक्त प्रभार शिवनारायण साहू सचिव, ग्राम पंचायत मधला को और ग्राम पंचायत बसवाही का प्रभार रामप्रकाश साहू सचिव, ग्राम पंचायत तंजरा को अस्थायी रूप से सौंपा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजन को सहायता उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है।

इसी क्रम में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6 (क) (1) के अंतर्गत तहसील नागपुर के ग्राम बरकेला निवासी सरिता की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके वारिस जगरनाथ सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का असहयोग आंदोलन जारी

**बैकुण्ठपुर।** छग प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा 1 मार्च से शुरू किया गया असहयोग आंदोलन लगातार जारी है।

- शिक्षा मंत्री को भेजा गया ज्ञापन

इस आंदोलन के तहत कोरिया जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले निजी विद्यालयों में भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। स्कूल संचालकों ने स्पष्ट किया है कि वे शासन के किसी भी कार्य में सहयोग नहीं करेंगे। आंदोलन के क्रम में 17 अप्रैल को प्रदेशभर के अशासकीय विद्यालयों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया, इसके बाद 18 अप्रैल को सामूहिक रूप से विद्यालय बंद रखे गए। इसी कड़ी में 23 अप्रैल गुरूवार को जिले के सभी निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा मंत्री को डाक के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) की धारा 12(2) के तहत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि को लेकर मांग उठाई गई है। स्कूल संचालकों का कहना है कि वर्तमान में शासकीय विद्यालयों में प्रति विद्यार्थी व्यय 22,000 रूपए से अधिक है, जबकि निजी विद्यालयों को इससे काफी कम राशि दी जा रही है। उन्होंने मांग की है कि इसी सत्र से निजी स्कूलों को भी समान राशि प्रदान की जाए।



## हरी खाद और नील-हरित काई को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कृषि लागत में कमी और मृदा स्वास्थ्य सुधारने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिला कोरिया के उप संचालक कृषि कार्यालय में प्रशिक्षण सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संतुलित उर्वरक उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा किसानों को जैविक विकल्पों के प्रति जागरूक करना रहा।

- रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने कवायद

प्रशिक्षण के दौरान कृषि अधिकारियों ने हरी खाद एवं नील-हरित काई के उपयोग के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन प्राकृतिक उपायों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है, उत्पादन लागत कम होती है और मृदा की उर्वरता व स्थिरता बनी रहती है। कार्यक्रम के दौरान उप संचालक कृषि कार्यालय परिसर में नील-हरित काई उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे अधिकारियों को व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। इसका उद्देश्य है कि वे ग्राम स्तर पर किसानों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित कर सकें। बैठक में बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी और कर्मचारी काफी संख्या में उपस्थित रहे। कृषि विभाग ने सिंचाई सुविधा वाले किसानों से अपील की है कि वे मानसून से पूर्व, धान रोपाई के 40-45 दिन पहले सनई एवं ढेंचा जैसी हरी खाद फसलों की बुवाई करें। साथ ही ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को गांवों में चौपाल आयोजित कर संतुलित उर्वरक उपयोग का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं।



## पीजी कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डिजिटल लाइब्रेरी में बौद्धिक संपदा अधिकार कानून एवं चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर के मार्गदर्शन में, संयोजक डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय तथा आयोजन सचिव अनुरंजन कुजूर के नेतृत्व में संपन्न हुआ, इसमें कुल 308 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. राजेन्द्र लाकपाले, विशिष्ट अतिथि रवि कुमार कुर्रे एवं प्राचार्य डॉ. हिमधर अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं राज्यगीत-राष्टीय गीत के सामूहिक गायन से हुआ। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने स्वागत उद्बोधन में संगोष्ठी के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला।

संयोजक डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकार आज उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। मुख्य अतिथि प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने अपने उद्बोधन में ज्ञान की मौलिकता और उसकी सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बौद्धिक संपदा अधिकार की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। वहीं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने जीवन में बुद्धि, विवेक और कार्यकुशलता के महत्व को रेखांकित किया। संगोष्ठी के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क एवं डिजाइन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। द्वितीय, तृतीय एवं समापन सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे और शोधार्थियों के शोध पत्रों का वाचन भी हुआ। समापन सत्र में डॉ. रिजवान उल्लाह ने कहा कि वर्तमान दौर में नवाचार की मौलिकता को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती है, जिसमें बौद्धिक संपदा अधिकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अंत में प्राचार्य डॉ. हिमधर ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों की निरंतरता बनाए रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




### मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सोनहत में अनूठी पहल

# बोड़ार में 1350 कंटूर ट्रेंच से 2 करोड़ लीटर वर्षाजल सहेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में जल संरक्षण को लेकर एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत सोनहत जनपद की ग्राम पंचायत बोड़ार में 10 एकड़ के बंजर क्षेत्र को जलसंचय के बड़े केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत यहां 1350 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया गया है। इस कार्य के माध्यम से न केवल बंजर भूमि का उपयोग सुनिश्चित हुआ है, बल्कि आने वाले समय में 2 करोड़ लीटर से अधिक वर्षाजल को भूमिगत करने की व्यवस्था भी बनाई गई है। निर्माण कार्य में स्थानीय श्रमिकों को लगभग



2000 मानव दिवस का रोजगार भी मिला। वनांचल क्षेत्र सोनहत में प्रचुर वर्षा को देखते हुए जलसंचय की संभावनाओं को साकार किया जा रहा है। करीब 5 लाख रूपए की लागत से तैयार इस परियोजना में कंटूर ट्रेंच को जिगजैग आकार में बनाया गया है, जिससे वर्षाजल एक-एक संरचना में भरते हुए धीरे-धीरे जमीन में समा सके।

प्रत्येक कंटूर ट्रेंच लगभग 270 सेंटीमीटर लंबा, 70 सेंटीमीटर चौड़ा और 60 सेंटीमीटर गहरा है, जिसमें करीब 1 घनमीटर पानी रुक सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि ये संरचनाएं बारिश के दौरान कई बार भरती हैं, तो करोड़ों लीटर पानी जमीन के भीतर समाहित हो सकता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि पानी की हर बूंद को सहेजना जरूरी है, ताकि भविष्य सुरक्षित रहे। वहीं जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने इसे भूजल संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर बताया।

## खबर संक्षेप



### चठिरमा में बने राष्ट्रीय स्तर का खेल अकादमी-दिव्या

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्राम चठिरमा में क्रिकेट मैदान एवं अकादमी निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने एवं समस्त प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करते हुए विकास कार्य प्रारंभ कराने की मांग रखी है। जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया ने ज्ञापन के माध्यम से सरगुजा कलेक्टर को अवगत कराया है कि ग्राम चठिरमा में प्लॉट नंबर 344, 345 एवं 346 का कुल 3.730 हेक्टेयर भूमि है, जिसमें क्रिकेट मैदान एवं अकादमी का निर्माण कराए जाने से क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओं का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। श्रीमती सिसोदिया ने कहा कि इस क्षेत्र में खेल अधोसरंचना का निर्माण न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करेगा, बल्कि इससे क्षेत्र में खेल संस्कृति और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि क्रिकेट संघ न उक्त कार्य हेतु निर्धारित राशि 49,79,550/- की सहमति प्रदान कर दी है, तथा जन भावना के अनुरूप इस परियोजना को प्राथमिकता देना आवश्यक है। ज्ञापन में भूमि आवंटन, नामांतरण तथा निर्माण हेतु सभी अनुमतियां तत्काल पूर्ण करने का अनुरोध किया गया है। श्रीमती सिसोदिया ने कहा कि सरगुजा जिले को यह सौगात शीघ्र मिलेगी और आगामी सत्र से क्षेत्रवासी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, भाजपा जिला महामंत्री, युवा मोर्चा महामंत्री अनीश सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### युवी संस्कार महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण




**करवां।** युवी संस्कार महाविद्यालय लटोरी द्वारा सोशल आउटरीच एवं स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विद्यार्थियों ने अम्बिकापुर स्थित जल परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा किया, केमिस्ट डॉ. केके सिन्हा के निर्देशन में प्रयोगशाला के विशेषज्ञों ने छात्रों को पीएच मान, जल की कठोरता, अशुद्धियों की पहचान तथा अन्य महत्वपूर्ण मापदंडों की जांच की विधियों को विस्तार से समझाया। छात्रों द्वारा गंगापुर स्थित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का भी भ्रमण किया गया। प्रयोगशाला केमिस्ट राकेश कुमार साहू ने मृदा के विभिन्न तत्वों, उसकी संरचना, उर्वरता एवं कृषि में उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मृदा परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए बताया कि किस प्रकार मिट्टी की गुणवत्ता का आकलन कर फसलों के लिए उपयुक्त उपाय किए जाते हैं। शैक्षणिक गतिविधि में महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष सान्नु कुशवाहा एवं सहायक प्राध्यापक चंद्रशेखर यादव ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए जल की उपयोगिता, संरक्षण तथा जल–मृदा के लाभ के बारे में बताया। भौतिकी विभाग के जयंती कुमारी ने विद्यार्थियों को मृदा के महत्व और उसके वैज्ञानिक पहलुओं से अवगत कराया।

### महिला के गले से चैन लूटकर फरार हुए बाइक सवार

# नगर में सक्रिय हुए चोर गिरोह आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**

- एक सप्ताह के भीतर हुई कई चोरी की घटना

नगर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। नगर में सक्रिय चोर गिरोह अलग-अलग क्षेत्र में बाइक तो कभी घर व दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। गत दिन तो चोरों ने बाजार से खरीदारी कर जा रही महिला के गले से सोने का चैन खिंच कर फरार हो गए। नगर में लूट व चोरी की घटना से लोग अपने कीमती सामान को लेकर चिंतिति है और अब पुलिस के गश्त पर भी सवाल उठाने लगे है।

कटनी-गुमला नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में आदर्श हार्डवेयर के संचालक राहुल अग्रवाल की पत्नी शाम साढ़े छह बजे घर से कुछ दूर आदर्शनगर में सब्जी बाजार से सब्जी लेकर बेटी के साथ घर आ रही थी। जैसे ही महिला सड़क पार करके अपने घर के पास पहुंची तभी बाइक सवार दो लुटेरे काफी तेजी से उनके पास पहुँचे और गले से सोने का लॉकेट समेत सोने का चैन झपट्टा मारते हुए लूटकर फरार हो गए। महिला एवं आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते तब तक बाइक सवार दोनों लुटेरे लोगों की नजरो से ओझल हो चुके थे। शाम को हुई इस घटना का वीडियो सीसी टीवी में कैद हो गया लेकिन अंधेरा होने की वजह से लुटेरों की पहचान नहीं हो सकी। पीड़ित महिला डर से सदमे में है। नेशनल हाईवे से सटे आदर्शनगर के इस व्यस्त इलाके हुई लूट की घटना ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। इस घटना ने लोगों के अंदर जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। खासकर महिलाएं लूट की इस वारदात से काफी डरी सहमी हुई है। महिला के साथ हुई लूट की घटना के बाद पति राहुल अग्रवाल ने थाने में मामला दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध धारा 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



चोरों द्वारा लगाया गया सेंध।

**चोरी की घटना से लोग चिंतित**

नगर के लोग अब आए दिन हो रही चोरी से चिंतित है। 14 अप्रैल को पुराने बस स्टैंड से पलक झपकते ही चोरों ने बाइक पार कर दिया था। पुलिस अभी इस मामले को सुलझा भी नही पाई थी कि 21 अप्रैल की रात चोरों ने नगर के महामाया पारा वार्ड क्रमांक 10 में मौजूद पान दुकान में धावा बोल छत तोड़कर अंदर घुसे और गल्ले में रखा नगदी 18 हजार,22 हजार रुपये सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ति दुकानदार ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी है। इसी प्रकार चोरो ने हाल ही में ग्राम प्रतापगढ़ में सड़क किनारे खड़ी ट्रक से 380 लीटर डीजल पार कर दिया। पुलिस इस मामले में डीजल चोरों तक पहुंच पाती उससे पहले बाइक सवार लुटेरों ने चैन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देकर नगर में सनसनी फैला दी।

**चोरों का नहीं लगा है सुराग**

पुलिस के हाथ अभी कोई सुराग नहीं लगा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर टीम आई हुई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

-अखिलेश सिंह, थाना प्रभारी

## तकिया मजार में तीन दिवसीय सालाना उर्स 20 से, होगा कव्वाली का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सद्भावना ग्राम तकिया स्थित बाबा मुरादशाह एवं मोहब्बत शाह का सालाना तीन दिवसीय उर्स 22 से मनाया जाएगा।

अंजुमन कमेटी से सेक्रेटरी अफजल अंसारी ने बताया कि 20 मई को शाम 4 बजे जामा मस्जिद में धुमाल पार्टी एवं आतिशबाजी के साथ चादर संदल का जुलूस निकाला जाएगा। शहर भ्रमण करते हुए जुलूस तकिया मजार पहुंचेगा जहां संदल पेशी उपरांत तकरीर होगी तथा रात्रि 9 बजे ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन होगा जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों के मशहूर शायर व कवि-कवयित्री शामिल होंगे। 21 एवं 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। सालाना उर्स में सरगुजा संभाग के लोगों के साथ ही अन्य क्षेत्रों के लोग भी शामिल होंगे। कमेटी इसके लिए पत्राचार कर रही है। कमेटी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत, सड़क की मरम्मत कराने के लिए संबंधितों को निर्देश जारी करने का अह्वान किया है। आफताब अंसारी ने बताया कि सालाना उर्स में प्रदेश के अनेक मंत्री एवं विधायकों ने शामिल होने की सहमति प्रदान की है। कमेटी ने आयोजन का संयोजक कमेटी के सदर इरफान सिद्धिकी को मनोनीत किया है।

### ग्राम देवरी में 5 मवेशी भरे बोलेरो को ग्रामीणों ने पकड़ा, वाहन छोड़ फरार हुए सवार

**सेदम।** जिले में गौ तस्करी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गौ तस्कर प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर बुलेरो में पशुओं को ठूस ठूस कर बूचड़ खाना ले जाया जा रहा है। गत दिन भी भूचड़खाना ले जा रहे मवेशी भरे वाहन को पकड़ा। हालांकि मवेशी तस्कर वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। बतौली थाना क्षेत्र में लगातार गौ तस्करों के वाहन खराब होने पर गोवंश की तस्करी का मामला उजागर हुआ है। अब तक 2 पिकअप ,1 स्कॉर्पियो सहित अब बोलेरो वाहन पशुओं से भरे हुए ग्रामीणों को मिला है जहां पशु क्रूरता अधिनियम की धज्जियां उड़ाते तस्कर बड़ी बेरहमी से 3 बैल ,1 गर्भवती गाय सहित बछड़े को बुलेरो में भरा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 देवरी के पास सड़क किनारे पाया गया जहां तस्कर ग्रामीणों को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। बजरंग दल के विजय यादव, मोनू तिवारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुचे और ग्रामीण की सहयोग से बोलेरो वाहन से गोवंश को आजाद कराया। बैल की स्थिति देख तत्काल उपचार कराया। साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले में पुलिस द्वारा फरार गौ तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

## युवक को जिंदा जलाने के मामले का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पस्ता थाना क्षेत्र में एक युवक को जिंदा जलाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है।मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अनिश मिंज (22 वर्ष), निवासी डीपाडीहखुर्द थाना शंकरगढ़, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज है।घटना में मृतक करण बेक (20 वर्ष), निवासी डीपाडीहखुर्द बताया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते करण बेक पर तारपीन तेल डालकर लाइटर से आग लगा दी थी। घटना के बाद घायल करण बेक को पहले डुमरखोला में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे रायपुर स्थित डी.के.एस. अस्पताल रेफर किया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मर्ग जांच, मरणासन्न कथन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया। जांच के दौरान आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जन्मेजय पाण्डेय सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम तिरंग कोरकोटपारा निवासी दुहन राम आ. राम सिंह (46 वर्ष) 19 अप्रैल को परिजन पड़ोस में हो रहे शादी में शामिल होने गए थे। इसी दौरान ग्रामीण अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन दुहन को बतौली अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## ग्राम कसकेला में सीसी रोड बनाने के बाद स्थापित बिजली पोल नहीं हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- हादसा होने की बनी हुई है आशंका

विकासखंड सूरजपुर के ग्राम पंचायत कसकेला में मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत बनाई गई सी सी सड़क अब ग्रामीणों के लिए खतरे का रास्ता बन चुकी है।

अवरापारा देवालय से लेकर टिंबर घर तक एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग के रूप में इस सड़क का निर्माण वर्ष 2025 में नाबार्ड की सहायता से स्वीकृत हुआ था। उद्देश्य साफ था कि गांव के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा देना, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही और विभागीय उदासीनता ने इस उद्देश्य को ही सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त निर्माण कार्य के दौरान सबसे बड़ी चूक यह हुई कि सड़क के बीचों-बीच लगे बिजली पोल को हटाने या शिफ्ट करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। जिससे आज यह पोल सड़क के बीच खड़ा होकर राहगीरों के लिए जानलेवा बाधा बन गया है। दिन में तो किसी तरह लोग बच-बचाकर निकल जाते हैं, लेकिन जैसे ही अंधेरा होता है, यह पोल दिखाई देना मुश्किल हो जाता है और हादसे का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।दोपहिया वाहन चालक, स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मवेशियों के साथ चलने वाले ग्रामीण हर दिन इस खतरे से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण शुरू होने से पहले ही उन्होंने ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को आगाह किया था कि सड़क के बीच खड़े पोल को हटाकर ही काम शुरू किया जाए। लेकिन जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और जल्दबाजी में निर्माण पूरा कर दिया। आज वही लापरवाही ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। कई बार लोग इस पोल से टकराते-टकराते बचे हैं, जिससे गांव में भय का माहौल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत किए जा रहे इस निर्माण कार्य में इतनी बड़ी खामी का सामने आना विभागीय कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण ही ठेकेदार मनमानी कर दिया और अब तक कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना का उद्देश्य गांवों को बेहतर सड़क सुविधा देना है, लेकिन कसकेला में यह योजना अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है। जहां एक ओर सरकार विकास के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर ऐसी लापरवाहियां इन दावों की पोल खोल रही हैं। अनदेखी से नाराज ग्रामीण विरोध की तैयारी में हैं।



बीच सड़क पर खड़ा विद्युत पोल।



## बड़सरा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव प्रारंभ

- ,प्रथम दिवस कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भैयाथान।** ग्राम बड़सरा में साहू समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिवस कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़सरा के साहू पारा में समाज के महिला-पुरुष एकत्रित हुए, जहां से भजन गाते हुए कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु राम मंदिर एवं शिव मंदिर स्थित तालाब पहुंचे जहां विधि-विधान से पूजन कर कलश में जल भरा गया। इसके पश्चात श्रद्धालु जल लेकर कथा स्थल पहुंचे और विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस कथा में कथावाचक पंडित रविंद्र दुबे ने श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मनुष्य को धर्म, भक्ति और सत्कर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। आयोजन स्थल पर भजन-कीर्तन और जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। आयोजन समिति के अनुसार आगामी दिनों में भी प्रतिदिन कथा एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने कहा है।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 अप्रैल 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 2 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 03 मई, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आज

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित क्षेत्र की ग्रामसभा (गठन सम्मिलन की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन) नियम 1998 के नियम 6 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष 24 अप्रैल को ग्राम सभा आयोजन करने के निर्देश दिये हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (2) (क) के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सचिव, सरपंच एवं पंच का होगा। ग्राम सभा की कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 ख (3) (4) अनुसार संचालित होगी। ग्राम सभा की बैठक में उप मुख्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के रिकार्डेड ऑडियो संदेश का श्रवण, ग्राम संपदा ऐप में ग्राम के समस्त परिसंपत्तियों के अपलोड किये जाने का संकल्प एवं वाचन, ग्राम को स्वच्छ बनाने हेतु संकल्प, मोर गांव-मोर पानी अंतर्गत जल संरक्षण के प्रयासों पर चर्चा, लखपति दीदियों को सम्मानित तथा जनगणना 2027 के संबंध में सभी ग्रामवासियों को आवश्यक जानकारी एवं स्व-गणना तथा जनगणना प्रगणकों को आवश्यक सहयोग किये जाने पर चर्चा किया जाएगा।

### जेईई मेंस परीक्षा में डीएवी स्कूल के चार विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के वरिष्ठ विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के मार्गदर्शन में सत्र 2025-26 की कक्षा बारहवीं, गणित संकाय सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित प्रतिभाशाली विद्यार्थी साक्षी जायसवाल 94 पर्सेंटाइल,रूद्र प्रताप सिंह 85 पर्सेंटाइल तथा सत्र 2024-25 की कक्षा बारहवीं गणित संकाय से उत्तीर्ण विद्यार्थी श्रेयश सिंह 98.6 पर्सेंटाइल व श्रेयांश कुमार ने 84 पर्सेंटाइल के साथ जेईई मेंस परीक्षा 2026 में शानदार सफलता अर्जित कर जेईई एडवांस परीक्षा 2026 के लिए पात्रता हासिल कर ली है,इन विद्यार्थियों ने अटूट लगन, दृढ़-इच्छाशक्ति एवं कठोर परिश्रम करते हुए उपर्युक्त परीक्षा में बेहतरीन कामयाबी हासिल कर अपने माता-पिता एवं डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर को गौरवान्वित किया है। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अनामिका भारती ने उक्त परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अथक परिश्रम,लगन और सही दिशा में सार्थक प्रयास से किसी भी बड़े लक्ष्य को साधा जा सकता है।

### पेंशनर्स को 3 फीसदी लंबित मंहगाई राहत एरियर्स भुगतान के आदेश जारी

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बताया कि प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने वर्ष 2021 में उच्च न्यायालय में छठवें वेतनमान का 32 माह एवं सातवें वेतन मान का 27 माह के लंबित एरियर्स भुगतान के लिए वाद दायर किया था। न्यायालय ने पेंशनर्स के पक्ष में निर्णय देते हुए 120 दिनों में लंबित एरियर्स का भुगतान करने का आदेश दिया है। जिससे दोनों प्रांतों के पेंशनर्स पक्ष में बड़ा फैसला आया है। हाल में ही एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद सरकार ने पेंशनर्स के 3 फीसदी लंबित मंहगाई राहत के आदेश जारी किया है जिससे प्रदेश के दो लाख पेंशनर्स लाभान्वित हुए हैं।

### एसएसपी ने दिवंगत आरक्षक के पुत्र को दी आरक्षक के पद अनुकम्पा नियुक्ति



**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिवंगत आरक्षक के पुत्र नितेश मिंज को गुरूवार को आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किया है। उन्होंने बताया नितेश मिंज के पिता गणेश मिंज आरक्षक के पद पर सूरजपुर में पदस्थ थे। नौकरी के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने पर आईजी दीपक कुमार झा ने अनुकंपा नियुक्त के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अनुकंपा नियुक्ति संबंधी सभी कार्रवाई जल्द पूरी करते हुए नियुक्ति देने के निर्देश दिए थे। गुरूवार को नितेश मिंज को आरक्षक के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई है।

## केतका सर्किल में तीन दिनों से धधक रहीं आग

# सूरजपुर के जंगल में भीषण आग वन संपदा और वन्य जीवन संकट



जंगली झाड़ियों में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीपौक

भीषण गर्मी ने जहां अब अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है वहीं अब आगजनी की घटनाएं भी बढ़ने लगी है। ऐसे में पृथ्वी के जीवन चक्र का अहम आधार जंगल न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि वन्य जीवों का आश्रय, जलवायु नियंत्रण का साधन और मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन का प्रमुख स्रोत भी हैं। ऐसे में जंगलों में लगने वाली आग न सिर्फ पेड़-पौधों को ही नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को गहरा नुकसान पहुंचाती है। वन परिक्षेत्र केतका सर्किल जंगल में लगी आग अब वन कर्मियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई। तीन दिन बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

**खास बात**

- जंगल के बड़े हिस्से में पाया गया काबू

सूरजपुर वन परिक्षेत्र के केतका सर्किल अंतर्गत सूरजपुर मार्ग स्थित परसा नाला के आसपास का जंगल इन दिनों भीषण आग की चपेट में है। पिछले तीन दिनों से लगातार धधक रही आग ने जंगल के बड़े हिस्से को अपनी लपटों में ले लिया है। आग के कारण क्षेत्र में खड़े पेड़-पौधे तेजी से जल रहे हैं, वहीं यहां रहने वाले वन्य जीवों की जान पर भी गंभीर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक आग का फैलाव लगातार बढ़ता जा रहा है और दूर-दूर तक धुएं का गुबार देखा जा सकता है। हालांकि वन विभाग के फील्ड कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें सफलता नहीं मिल पाई है। आग पर नियंत्रण पाने में सबसे बड़ी बाधा जंगल में मौजूद सूखी वनस्पति और झाड़ियां बन रही हैं, जो आग को तेजी से फैलने में मदद कर रही हैं। बताया जा रहा है कि जंगल में बड़ी मात्रा में सूखे पौधे और कांटेदार झाड़ियां मौजूद हैं, जिससे आग बुझाने में कठिनाई हो रही है। विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन आग की तीव्रता कम होने के कोई स्पष्ट संकेत नजर नहीं आ रहे हैं। कर्मचारी आग पर जल्द काबू पाने के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने की कोशिश में है जिससे जंगल में लगी आग पर काबू पाया जा सके।

### कुंवरपुर के पहाड़ी जंगल में भीषण आग, इलाके में मचा हड़कंप

**लखनपुर।** लखनपुर क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत कुंवरपुर के कर्मपाट पहाड़ में बुधवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पहाड़ी क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। सूखी पत्तियों, घास और झाड़ियों की अधिकता के कारण आग तेजी से फैल रही है। ऐसे में आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग की ऊंची लपटें और घना धुआं आसपास के गांवों और शहर के कई हिस्सों से साफ दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों के अनुसार आग का रुख कुंवरपुर के कर्मपाट देव स्थल की ओर बढ़ता नजर आ रहा है, जिससे धार्मिक स्थल को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। घटना की सूचना सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा संबंधित विभागों को दे दी गई है। हालांकि वन विभाग के टीम पहुंची है लेकिन आज पर बुझाने में सफलता नहीं पाई आज भी क्षेत्र में आग जल रहे हैं स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। इस आगजनी से पर्यावरण, वन्य जीवों और क्षेत्र की तेंदूपत्ता कर जो की ग्रामीण क्षेत्र का आर्थिक रूप से मजबूत करता है उसे भी भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।



### आग से वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी खतरा

जंगल में लगी आग से न केवल सैकड़ों पेड़-पौधे जलकर राख हो रहे हैं, बल्कि वहां के वन्य जीवों का जीवन भी संकट में पड़ गया है।जंगलों में आग लगने से स्थानीय परिस्थितिकी तंत्र को गहरा आघात लगता है, जिसका असर वर्षों तक महसूस किया जा सकता है। हालांकि वन कर्मी वन्य जीव को सुरक्षित रखने के लिए आग लगे क्षेत्र से दूसरे ओर भगाने लगे है जिससे आग की चपेट मे आने से बच सके और सुरक्षित रहे।

### महुआ पेड़ जंगल के अस्तित्व के लिए खतरनाक

ग्रामीणों को समृद्धि देने वाले महुआ के पेड़ ही अब जंगल के अस्तित्व के लिए खतरनाक साबित हो रहे है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण परिवार के साथ जंगल में महुआ बीनने पहुंच जाते है। महुआ बीनने में परेशानी न हो इसे लेकर ग्रामीण पेड़ के नीचे बिखरे पत्तों में आग लगा देते है जो जंगल में आग लगने की प्रमुख कारण है। पेड़ के नीचे पत्तों में लगाए गए आग देखते ही देखते विकराल रूप ले लेता है और धीरे धीरे पूरे जंगल में फैल जाता है। वन अमला बुझाने की कोशिश करता है लेकिन आग के वृहद हो जाने से सफल नहीं हो पाते।

### जल्द आग पर पा लेंगे काबू

आग बुझाने के लिए बिट के सभी कर्मचारी लगे हुए है, हालांकि आग बुझाने में अभी पूरी तरह सफलता नहीं मिली है। घने जंगल की ओर को क्लियर किया जा चुका है। जंगल में कांटेदार पौधे काफी घना है, पत्तियां भी सूखे पड़े है इसलिए आग तेजी से फैल रहा है। आग बुझाने का प्रयास लगातार जारी है। जल्द ही आग पर काबू पा लेंगे।

-देवेंद्र राजवाड़े
बिट प्रभारी



## करौटी नर्सरी में लगी आग हजारों पौधे जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के करौटी स्थित वन नर्सरी में अचानक भीषण आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन आगजनी से हजारों छोटे-बड़े पौधे जलकर पूरी तरह खाक हो गए।

बताया जा रहा है कि यह पौधा प्लांट वन विभाग द्वारा लाखों रुपये की लागत से तैयार कराया गया था, जहां पौधारोपण के लिए बड़ी संख्या में पौधे तैयार किए जा रहे थे। आग लगते ही देखते ही देखते पूरे प्लांट आग की चपेट में आ गया जिससे तैयार पौधे जकर तरह नष्ट हो गए। पौधा प्लांट खैरा-चोगा-कोल्हुआ मुख्य मार्ग के समीप बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया था। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते क्षेत्र में आग फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा और सूखी घास के कारण आग तेजी से फैलती गई। घटना की सूचना पर वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। परंतु तब तक काफी देर हो चुकी थी और लाखों रुपये की वन संपदा जलकर नष्ट हो चुकी थी। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि तेज गर्मी, सूखी वनस्पति या लापरवाही इसकी वजह हो सकती है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा वन विभाग को हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जाए।

## आपूर्ति घटने से ड्राई हुए कई पेट्रोल पंप

**अम्बिकापुर।** पेट्रोल एवं डीजल की किल्लत से जूझ रहे सरगुजा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने इस बड़ी समस्या के प्रति कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है तथा ज्ञापन सौंप समस्या के निवारण हेतु हस्तक्षेप करने की मांग की है।

- ज्ञापन सौंप कलेक्टर से हस्तक्षेप करने की मांग

पदाधिकारियों ने बताया कि सरगुजा में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति अत्यंत सीमित हो गई है तथा अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो गए हैं। यह समस्या दिनों दिन गहराते जा रही है। सरगुजा संभाग प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र है तथा खदानों में उत्पादित कोयले के परिवहन हेतु बड़ी संख्या में ट्रकों का उपयोग होता है। ट्रक कोयले को विद्युत उत्पादन संयंत्रों में पहुंचाते हैं। डीजल-पेट्रोल की कमी होने के कारण कोयला एवं विद्युत उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। कृषि क्षेत्र में भी सिंचाई के लिए डीजल का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में डीजल उपलब्ध नहीं होने के कारण कृषि क्षेत्र पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा पर्याप्त मात्रा में डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति नहीं करने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है। एसोसिएशन ने कलेक्टर से मामले में हस्तक्षेप करने एवं डीजल-पेट्रोल की नियमित एवं पर्याप्त आपूर्ति के लिए पहल करने की मांग की है ताकि परिवहन एवं कृषि कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे।

## एसईसीएल बिश्रामपुर में धरा शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सहभागिता अभियान के अंतर्गत 'धरा शक्ति' कार्यक्रम का आयोजन उन्नति क्लब में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कोल उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना तथा उन्हें ऑपरेशनल एवं टेक्निकल क्षेत्रों में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा।




सीएमडी एसईसीएल हरीश दूहन के विजन के अनुरूप कंपनी मुख्यालय बिलासपुर द्वारा गठित समिति की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुजाता रानी (महाप्रबंधक, मा.सं./अधी.स्था., बिलासपुर) सहित सदस्य बीएमएस से संजय कुमार सिंह,एचएमएस से बजरंगी शाही एटक से श्रीमती रूबी कुमारी इंटक से संदीप कुमार राय, सीटू से सुश्री शोभना मिश्रा एवं श्रीमती अंकिता सीएमओएआई प्रतिनिधि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक ने अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र की 10वीं उत्तीर्ण 37 महिलाओं ने भाग लिया, जिनमें से 20 महिलाओं ने ऑपरेशनल एवं टेक्निकल क्षेत्र में प्रशिक्षण लेने की सहमति जताई। उपस्थित जनों ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कंपनी के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इस पहल से भविष्य में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों संजय कुमार शिंदे,अमरेंद्र नारायण, वी.सी. चतुर्वेदी, हरेंद्र तिवारी, विक्रम सिंह दहिया एवं संजय कुमार की सक्रिय भूमिका रही।

### बिजुरी में कांग्रेस नेता अजय का आत्मीय स्वागत

**बिजुरी।** भारतीय राष्टीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल बुधवार को अनूपपुर जिले के प्रवास पर पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इसी क्रम में वे बिजुरी नगर पहुंचे, जहां गौ संवर्धन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. व्हीपीएस चौहान के निवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 26 को

**अम्बिकापुर।** विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 26 अप्रैल रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में न्यूरो स्पाईन सर्जन डॉ.अमित मुखर्जी, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी, हिमेटोलॉजीस्ट डॉ. विकास गोयल, रेडियोलॉजिस्ट डॉ विवेक कुमार केशरी उपलब्ध रहेंगे। विद्या डायग्नोस्टिक में सोनोग्राफी, कलर डॉपलर, कलर एक्सरे, डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री, ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधा उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 10 से 4 बजे तक किया जाएगा।




## चार माह बाद भी किसानों एवं मजदूरों का नहीं हुआ भुगतान, 27 को करेंगे शक्कर कारखाना का घेराव

**प्रतापपुर।** गन्ना किसानों और मजदूरों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। विगत चार माह से भुगतान लंबित होने के कारण आक्रोशित किसानों और श्रमिकों ने 27 अप्रैल को मां महामाया शक्कर कारखाना का घेराव और तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य सुरेश कुमार आयाम के नेतृत्व में किसानों एवं मजदूर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।



कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों और कारखाने में कार्यरत मजदूरों को पिछले चार महीनों से भुगतान नहीं हुआ है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। परिवार के भरण-पोषण से लेकर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों तक का संकट गहराता जा रहा है। इस संबंध में 8 अप्रैल को पहले ही शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें 15 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की गई थी। किसानों ने यह भी मांग रखी थी कि कारखाने में गन्ना किसानों द्वारा मनोनीत अध्यक्ष का निर्वाचन किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान प्रभावी तरीके से हो सके। लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से किसानों और मजदूरों में भारी असंतोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने से वे कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। कई किसानों ने अपनी फसल उधार लेकर तैयार की थी, लेकिन भुगतान नहीं मिलने से वे आर्थिक संकट में फंस गए हैं। वहीं मजदूरों की स्थिति भी बेहद खराब हो चुकी है, जिनके सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। किसान एवं मजदूरों ने जल्द भुगतान किए जाने की मांग की है। साथ ही भुगतान नहीं होने पर 27 अप्रैल को शक्कर कारखाना का घेराव कर तालाबंदी करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौपने के दौरान नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, मासूम इराकी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




# शिक्षकों के समर्पण से ही होगा शिक्षा का सशक्त निर्माण : लक्ष्मी राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/बिश्रामपुर



जिला स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के भविष्य निर्माता होते हैं और उनके समर्पण से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। मंत्री ने कहा कि शिक्षा ही वह आधारशिला है, जिस पर किसी भी सशक्त एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण होता हैऔर इस आधारशिला को मजबूती प्रदान करने का कार्य शिक्षकों के कंधों पर है।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार नवाचार एवं लगन के साथ कार्य करते रहें, ताकि बच्चों का शैक्षणिक स्तर निरंतर ऊंचाइयों को छू सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। मंत्री ने सम्मानित हुए समस्त शिक्षकों से कहा कि ऐसे सम्मान समारोह शिक्षकों के उत्साह एवं मनोबल को बढ़ाकर उन्हें और बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में कार्यरत शिक्षक सीमित संसाधनों के बावजूद भी उत्कृष्ट परिणाम दे रहे हैं, जो सराहनीय है। उन्होंने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बच्चों को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें नैतिक शिक्षा, अनुशासन एवं जीवन कौशल से भी जोड़ें, ताकि वे एक बेहतर एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिक्षकों के सतत प्रयासों एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन से शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। जिले में नवाचार, नियमित मूल्यांकन एवं विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान मुरली मनोहर सोनी, अजय गोयल, राजेश यादव, दीपेंद्र सिंह चौहान, हरिश राजवाड़े, दीपक गुप्ता, कैलाश सिदार, रवि शंकर बउवा, रितेश जायसवाल, सतीश तिवारी, मनी बग्गा, सत्यनारायण जायसवाल, श्यामू साहू, श्रीमती अनीता सहित अन्य उपस्थित रहे।




